**सराहना** सांसद की पहल पर पुराने तिरंगों के पुर्ननवीनीकरण का लिया संकल्प

# राष्ट्रीय ध्वज जागरूकता अभियान को मिला समर्थन

जगत क्रान्ति ▸▸ संजीव खेडी

**लाडवा :** सांसद नवीन जिन्दल की पहल पर फ्लैग फाउंडेशन ऑफ इंडिया द्वारा चलाए जा रहे राष्ट्रीय ध्वज जागरूकता अभियान-2026 को लाडवा क्षेत्र में समर्थन मिलना शुरू हो गया है। इसी कड़ी में लाडवा स्थित सीए अश्विनी जैन के प्रतिष्ठान रजनी एग्रो पर एक बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें उपस्थित जनों ने सांसद नवीन जिन्दल की इस मुहिम की सराहना करते हुए अपने-अपने क्षेत्रों से पुराने, खंडित एवं अनुपयोगी राष्ट्रीय ध्वज एकत्रित कर उन्हें सम्मानपूर्वक पुर्ननवीनीकरण हेतु भेजने का संकल्प लिया।



इस बैठक में सीए अश्विनी जैन ने अपने सहयोगियों रोहित सिंगला और विजय जैन के साथ मिलकर निर्णय लिया कि लाडवा एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्र में राष्ट्रीय ध्वज जागरूकता अभियान को जन-जन तक पहुंचाया जाएगा और आम नागरिकों को तिरंगे के सम्मान, उसके सही उपयोग तथा पुराने ध्वजों को गरिमापूर्ण पुर्ननवीनीकरण करवाने के प्रति जागरूक किया जाएगा।

इस अवसर पर सीए अश्विनी जैन ने कहा कि सांसद नवीन जिन्दल द्वारा शुरू की गई यह पहल अत्यंत सराहनीय और समय की आवश्यकता है।

उन्होंने कहा कि तिरंगा देश की आन, बान और शान का प्रतीक है और इसका सम्मान प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। पुराने एवं खंडित हो चुके ध्वजों को विधिसम्मत और सम्मानजनक तरीके से पुनर्नवीनीकरण करना राष्ट्रप्रेम की सच्ची अभिव्यक्ति है। उन्होंने कहा कि इस अभियान का हिस्सा बनकर उन्हें गर्व की अनुभूति हो रही है।

वहीं रोहित गुप्ता ने कहा कि राष्ट्रीय ध्वज जागरूकता अभियान केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि एक जन-आंदोलन है, जो नागरिकों को उनके कर्तव्यों की याद दिलाता है। उन्होंने कहा कि वे लाडवा और आसपास के क्षेत्र में इस मुहिम को सक्रिय रूप से आगे बढ़ाएंगे और अधिक से अधिक लोगों को इससे जोड़ने का प्रयास करेंगे। बैठक में उपस्थित सभी लोगों ने एक स्वर में यह संकल्प लिया कि वे अपने क्षेत्रों में पुराने राष्ट्रीय ध्वजों को एकत्रित कर फ्लैग फाउंडेशन ऑफ इंडिया के माध्यम से उनके सम्मानजनक पुनर्नवीनीकरण की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे, ताकि तिरंगे की गरिमा सदैव बनी रहे।

# राष्ट्रीय ध्वज जागरूकता अभियान को मिला लाडवा में समर्थन



- पुराने ध्वजों को गरिमापूर्ण पुर्ननवीनीकरण करवाने के प्रति जागरूक किया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लाडवा

सांसद नवीन जिन्दल की पहल पर फ्लैग फाउंडेशन ऑफ इंडिया द्वारा चलाए जा रहे राष्ट्रीय ध्वज जागरूकता अभियान 2026 को लाडवा क्षेत्र में समर्थन मिलना शुरू हो गया है। इसी कड़ी में लाडवा स्थित सीए अश्विनी जैन के प्रतिष्ठान रजनी एग्रो पर एक बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें उपस्थित जनों ने सांसद नवीन जिन्दल की इस मुहिम की सराहना करते हुए अपने-अपने क्षेत्रों से पुराने, खंडित एवं अनुपयोगी राष्ट्रीय ध्वज एकत्रित कर उन्हें सम्मानपूर्वक पुर्ननवीनीकरण हेतु भेजने का संकल्प लिया। इस बैठक में सीए अश्विनी जैन ने अपने सहयोगियों रोहित सिंगला और विजय जैन के साथ मिलकर निर्णय लिया कि लाडवा एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्र में राष्ट्रीय ध्वज जागरूकता अभियान को जन-जन तक पहुंचाया जाएगा और आम नागरिकों को तिरंगे के सम्मान, उसके सही उपयोग तथा पुराने ध्वजों को गरिमापूर्ण पुर्ननवीनीकरण करवाने के प्रति जागरूक किया जाएगा। इस अवसर पर सीए अश्विनी जैन ने कहा कि सांसद नवीन जिन्दल द्वारा शुरू की गई यह पहल अत्यंत सराहनीय और समय की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि तिरंगा देश की आन, बान और शान का प्रतीक है और इसका सम्मान प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। पुराने एवं खंडित हो चुके ध्वजों को विधिसम्मत और सम्मानजनक तरीके से पुनर्नवीनीकरण करना राष्ट्रप्रेम की सच्ची अभिव्यक्ति है। उन्होंने कहा कि इस अभियान का हिस्सा बनकर उन्हें गर्व की अनुभूति हो रही है। उन्होंने कहा कि वे लाडवा और आसपास के क्षेत्र में इस मुहिम को सक्रिय रूप से आगे बढ़ाएंगे और अधिक से अधिक लोगों को इससे जोड़ने का प्रयास करेंगे।

# National Flag Awareness Campaign Launched by MP Naveen Jindal Gains Strong Support in Ladwa



**Jasbir Singh Duggal**

**Ladwa:** The National Flag Awareness Campaign–2026, initiated by Member of Parliament Shri Naveen Jindal and being implemented by the Flag Foundation of India, has begun receiving enthusiastic support in the Ladwa region. As part of this initiative, a meeting was organized at Rajni Agro, the establishment of Chartered Accountant Ashwini Jain in Ladwa, where participants unanimously expressed their appreciation for the campaign and pledged to actively support the dignified renewal of old and unusable national flags. During the meeting, CA Ashwini Jain, along with his associates Rohit Singla and Vijay Jain, resolved to spread the message of respect for the Tricolour across Ladwa and nearby rural areas. They emphasized the need to create public awareness about the correct use of the National Flag and the importance of collecting old, torn and unserviceable flags for their proper and respectful recycling through authorized channels. Speaking on the occasion, CA Ashwini Jain described the initiative led by MP Naveen Jindal as both timely and commendable. He stated that the Tricolour is a symbol of the nation's pride, honour and unity, and safeguarding its dignity is the responsibility of every citizen. "Ensuring the respectful renewal of worn-out national flags is a true expression of patriotism. Being a part of this noble campaign fills us with pride," he said. Highlighting the broader impact of the campaign, Rohit Gupta said that the National Flag Awareness Campaign is not merely a programme but a people's movement aimed at reminding citizens of their national duties. He affirmed that concerted efforts would be made to expand the campaign across Ladwa and surrounding areas and to connect more people with this patriotic cause.

# National Flag awareness campaign launched by MP Naveen Jindal gains strong support

HP Correspondent



LADWA, JAN 16:The National Flag Awareness Campaign–2026, initiated by Member of Parliament Shri Naveen Jindal and being implemented by the Flag Foundation of India, has begun receiving enthusiastic support in the Ladwa region. As part of this initiative, a meeting was organized at Rajni Agro, the establishment of Chartered Accountant Ashwini Jain in Ladwa, where participants unanimously expressed their appreciation for the campaign and pledged to actively support the dignified renewal of old and unusable national flags.

During the meeting, CA Ashwini Jain, along with his associates Rohit Singla and Vijay Jain, resolved to spread the message of respect for the Tricolour across Ladwa and nearby rural areas. They emphasized the need to create public awareness about the correct use of the National Flag and the importance of collecting old, torn and unserviceable flags for their proper and respectful recycling through authorized channels.

Speaking on the occasion, CA Ashwini Jain described the initiative led by MP Naveen Jindal as both timely and commendable. He stated that the Tricolour is a symbol of the nation's pride, honour and unity, and safeguarding its dignity is the responsibility of every citizen. "Ensuring the respectful renewal of worn-out national flags is a true expression of patriotism. Being a part of this noble campaign fills us with pride," he said.

Highlighting the broader impact of the campaign, Rohit Gupta said that the National Flag Awareness Campaign is not merely a programme but a people's movement aimed at reminding citizens of their national duties. He affirmed that concerted efforts would be made to expand the campaign across Ladwa and surrounding areas and to connect more people with this patriotic cause.

# जेएमआईईटीआई में राष्ट्रीय ध्वज जागरूकता अभियान के तहत तिरंगा संगोष्ठी आयोजित

(विनोद कुमार गर्ग)



**रादौर, 16 जनवरी।** फ्लैग फाउंडेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष एवं सांसद नवीन जिन्दल के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय ध्वज जागरूकता अभियानझ2026 के अंतर्गत जय प्रकाश मुकंद लाल इनोवेटिव इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी इंस्टीट्यूट (जेएमआईईटीआई), रादौर के सेमिनार हॉल में एक भव्य तिरंगा जागरूकता संगोष्ठी का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को भारत के राष्ट्रीय ध्वज के इतिहास, राष्ट्रीय ध्वज संहिता के प्रावधानों, ध्वज परिसीमन से जुड़े अधिकारों तथा आम नागरिकों को सम्मानपूर्वक तिरंगा फहराने का अधिकार दिलाने के लिए सांसद नवीन जिन्दल द्वारा किए गए संघर्ष से अवगत कराना रहा।

संगोष्ठी में फ्लैग फाउंडेशन ऑफ इंडिया के प्रवक्ता डॉ. राज कुमार ने बतौर मुख्य वक्ता युवाओं से संवाद करते हुए राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान, उसके सही उपयोग, नागरिक कर्तव्यों और तिरंगे से जुड़े नैतिक दायित्वों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय ध्वज जागरूकता अभियानझ2026 के अंतर्गत पुराने, क्षतिग्रस्त एवं खंडित राष्ट्रीय ध्वजों को एकत्रित कर उन्हें विधिसम्मत, सम्मानजनक एवं पर्यावरण के अनुकूल प्रक्रिया के माध्यम से नए स्वरूप में बदला जाएगा, ताकि तिरंगे की गरिमा हर स्तर पर बनी रहे। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को फ्लैग फाउंडेशन ऑफ इंडिया की गतिविधियों एवं उद्देश्यों की जानकारी दी गई तथा युवाओं में देशभक्ति की भावना को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से लेपल फ्लैग एवं रिस्ट बैंड वितरित किए गए। इस अवसर पर जेएमआईईटीआई संस्थान द्वारा परिसर में एकत्रित पुराने एवं अनुपयोगी राष्ट्रीय ध्वज फ्लैग फाउंडेशन ऑफ इंडिया की टीम को पुर्ननवीनीकरण हेतु विधिवत रूप से सौंपे गए। संगोष्ठी में सांसद कार्यालय की ओर से भूषण मंगला भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

इस अवसर पर संस्थान के निदेशक डॉ. विवेक शर्मा ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि जेएमआईईटीआई को इस राष्ट्रव्यापी अभियान का हिस्सा बनने पर गर्व है। उन्होंने फ्लैग फाउंडेशन ऑफ इंडिया, वक्ताओं, आयोजक टीम, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम युवाओं में राष्ट्रप्रेम, नागरिक कर्तव्यों और राष्ट्रीय प्रतीकों के प्रति सम्मान की भावना को सुदृढ़ करते हैं। कार्यक्रम के दौरान भारतीय संस्कृति और पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए संस्थान की ओर से सभी मुख्य अतिथियों को पौधों के गमले भेंट कर सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम के समापन पर विद्यार्थियों एवं स्टाफ सदस्यों ने राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान एवं संरक्षण हेतु सदैव जागरूक रहने का संकल्प लिया।

# राष्ट्रीय ध्वज जागरूकता अभियान के तहत जेएमआईईटीआई में



**टीम एक्शन इंडिया**

**रादौर, (कुलदीप सैनी) :** फ्लैग फाउंडेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष एवं सांसद नवीन जिंदल के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय ध्वज जागरूकता अभियान-2026 के अंतर्गत जेएमआईईटीआई, रादौर के सेमिनार हॉल में तिरंगा जागरूकता संगोष्ठी का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को भारत के राष्ट्रीय ध्वज के इतिहास, राष्ट्रीय ध्वज संहिता के प्रावधानों तथा तिरंगे के सम्मान से जुड़े नागरिक अधिकारों व कर्तव्यों की जानकारी देना रहा।कार्यक्रम में सांसद कार्यालय की ओर से भूषण मंगला भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। संगोष्ठी में फ्लैग फाउंडेशन ऑफ इंडिया के प्रवक्ता डॉ. राज कुमार ने मुख्य वक्ता के रूप में राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान, उसके सही उपयोग और नैतिक जिम्मेदारियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि अभियान के तहत पुराने, क्षतिग्रस्त व अनुपयोगी राष्ट्रीय ध्वजों को एकत्र कर उन्हें विधिसम्मत, सम्मानजनक एवं पर्यावरण अनुकूल प्रक्रिया से नए स्वरूप में बदला जाएगा। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को फ्लैग फाउंडेशन की गतिविधियों से अवगत कराया गया तथा देशभक्ति की भावना को प्रोत्साहित करने के लिए लेपल फ्लैग और रिस्ट बैंड वितरित किए गए। इस अवसर पर संस्थान द्वारा एकत्रित पुराने तिरंगे फाउंडेशन को सौंपे गए।

## सांसद नवीन जिन्दल की पहल राष्ट्रीय ध्वज जागरूकता अभियान को मिला लाडवा में समर्थन

# पुराने तिरंगों के पुर्ननवीनीकरण का लिया संकल्प

आज समाज नेटवर्क

**लाडवा।** सांसद नवीन जिन्दल की पहल पर फ्लैग फाउंडेशन ऑफ इंडिया द्वारा चलाए जा रहे राष्ट्रीय ध्वज जागरूकता अभियान-2026 को लाडवा क्षेत्र में समर्थन मिलना शुरू हो गया है। इसी कड़ी में लाडवा स्थित सीए अश्विनी जैन के प्रतिष्ठान रजनी एग्रो पर एक बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें उपस्थित जनों ने सांसद नवीन जिन्दल की इस मुहिम की सराहना करते हुए अपने-अपने क्षेत्रों से पुराने, खंडित एवं अनुपयोगी राष्ट्रीय ध्वज एकत्रित कर उन्हें सम्मानपूर्वक पुर्ननवीनीकरण हेतु भेजने का संकल्प लिया।

इस बैठक में सीए अश्विनी जैन ने अपने सहयोगियों रोहित सिंगला और विजय जैन के साथ मिलकर निर्णय लिया कि लाडवा एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्र में राष्ट्रीय ध्वज जागरूकता अभियान को जन-जन तक पहुंचाया जाएगा और आम नागरिकों को तिरंगे के सम्मान, उसके सही उपयोग तथा पुराने ध्वजों को गरिमापूर्ण पुर्ननवीनीकरण करवाने के प्रति जागरूक किया जाएगा। इस अवसर पर सीए अश्विनी जैन ने कहा कि सांसद नवीन जिन्दल द्वारा शुरू की गई यह पहल अत्यंत सराहनीय और समय की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि तिरंगा देश की आन, बान और शान का प्रतीक है और इसका सम्मान प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। पुराने एवं खंडित हो चुके ध्वजों को विधिसम्मत और सम्मानजनक तरीके से पुनर्नवीनीकरण करना राष्ट्रप्रेम की सच्ची अभिव्यक्ति है। उन्होंने कहा कि इस अभियान का हिस्सा बनकर उन्हें गर्व की अनुभूति हो रही है।

वहीं रोहित गुप्ता ने कहा कि राष्ट्रीय ध्वज जागरूकता अभियान केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि एक जन-आंदोलन है, जो नागरिकों को उनके कर्तव्यों की याद दिलाता है। उन्होंने कहा कि वे लाडवा और आसपास के क्षेत्र में इस मुहिम को सक्रिय रूप से आगे बढ़ाएंगे और अधिक से अधिक लोगों को इससे जोड़ने का प्रयास करेंगे। बैठक में उपस्थित सभी लोगों ने एक स्वर में यह संकल्प लिया कि वे अपने क्षेत्रों में पुराने राष्ट्रीय ध्वजों को एकत्रित कर फ्लैग फाउंडेशन ऑफ इंडिया के माध्यम से उनके सम्मानजनक पुनर्नवीनीकरण की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे, ताकि तिरंगे की गरिमा सदैव बनी रहे।



राष्ट्रीय ध्वज जागरूकता कार्यक्रम में भाग लेते लाडवावासी।